प्रादेशिक समाचार
दिनांक—11.07.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. सावन का पवित्र महीना शुरु, बाबाधाम में जलाभिषेक के लिए रात से ही कांवरियों की लंबी कतार, राज्य के अन्य शिवालयों में भी उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।
2. केन्द्रीय गृह मंत्री की अध्यक्षता में रांची में हुई पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 31 मामले उठाये, राज्य के लिए बुद्ध और रामायण सर्किट और रांची के लिए मांगा मेट्रो रेल परियोजना।
3. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज होगी राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक, विधानसभा के मानसून सत्र सहित कई प्रस्तावों को मिल सकती है स्वीकृति।
4. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री ददई दुबे का दिल्ली में निधन, आज रांची लाया जायेगा पार्थिव शरीर, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत अन्य नेताओं ने जताया शोक।
5. राज्य में भारी बारिश से जनजीवन अस्त–व्यस्त, रांची में बटन तालाब का किनारा बहा, फिर खोला गया कांके डैम का फाटक, बोकारो में गरगा डैम के भी खोले गये तीन फाटक।

*********************

सावन का पवित्र महीना आज से शुरु हो गया है। इसके साथ ही देवघर स्थित बाबाधाम में जलाभिषेक के लिए कांवरियों का सैलाब उमड़ पड़ा है। हमारे संवाददाता ने बताया कि कल रात से ही जलाभिषेक के लिए कांवरियों की लंबी कतार लगी हुई है।

उधर, दुमका के बासुकीनाथ में भी श्रद्धालुओं की बड़ी भीड़ देखी जा रही है। प्रशासन स्थिति पर कड़ी नजर रख रहा है। जिले के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने बताया कि कांवरियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए कई कदम उठाये गये हैं।

*********************

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में कल हुई पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की 27वीं बैठक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड की समस्याओं, विकास की जरुरतों और लंबित मामलों को विस्तार से रखा। उन्होंने राज्य की ओर से 31 अहम मुद्दों को उठाते हुए केन्द्र से सहयोग की अपेक्षा जतायी। श्री सोरेन ने रांची में मेट्रो रेल परियोजना और राज्य में बुद्ध और रामायण सर्किट समेत जनसरोकार से जुड़ी कई मांगें केन्द्र के समक्ष रखीं। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि नक्सलवाद के मुद्दे पर केन्द्र से आर्थिक मदद जारी रखने का आग्रह किया गया है।

*********************

झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के. राजू ने बिहार में शुरू किए गए स्पेशल इंटेंसिव रिविजन को गलत बताया है। साथ ही कहा कि अगर झारखंड में भी इस तरह का प्रयास हुआ तो कांग्रेस उसका पुरजोर विरोध करेगी। रांची प्रेस क्लब सभागार में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रभारी ने कहा कि पेसा और सरना धर्म कोड के लिए पार्टी की ओर से दिल्ली के जंतर मंतर पर प्रदर्शन किया जायेगा।

*********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज दोपहर दो बजे से राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक आयोजित की जायेगी। बैठक में विधानसभा के मानसून सत्र सहित जनहित से जुड़े कई प्रस्तावों को मंजूरी मिल सकती है। विधानसभा का मानसून सत्र एक से सात अगस्त तक होने की संभावना है।

*********************

वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री चन्द्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे का कल दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में निधन हो गया। वे 80 वर्ष के थे। वे पिछले कुछ दिनों से बीमार थे। ददई दुबे राज्य के गढ़वा जिले के चोका गांव के निवासी थे। उन्होंने पलामू जिले के विश्रामपुर विधानसभा सीट से छह बार विधायक के रूप में सेवा दी और धनबाद लोकसभा सीट से सांसद भी रहे। उनके निधन से कांग्रेस पार्टी और झारखंड के राजनीतिक गलियारे में शोक की लहर है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर सहित कई नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी है।

*********************

जामताड़ा जिले में उपायुक्त के जनता दरबार का व्यापक असर दिखायी पड़ रहा है।

*********************

राज्य में लगातार हो रही बारिश से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। रांची में मूसलाधार बारिश की वजह के कल देर रात बटन तालाब का किनारा बह गया। इस हादसे में तीन परिवारों की जान बाल–बाल बच गयी। लगातार बारिश की वजह से राज्य के सभी जलाशय उफान पर हैं। इसे देखते हुए एक महीने में पांचवीं बार कांके डैम का फाटक खोला गया। उधर, बोकारो में भी गरगा नदी उफान पर है। गरगा डैम का जल स्तर बढ़ जाने के कारण तीन फाटक खोल दिये गये हैं। इस बीच मौसम विभाग ने गढ़वा, पलामू, चतरा और लातेहार समेत छह जिलों में आज भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

*********************

बीसीसीआई ने अपने घरेलू कैलेंडर 2025–26 की घोषणा कर दी है। इस सीजन दलीप ट्राफी के साथ बीसीसीआई के घरेलू टूर्नामेंट की शुरुआत होगी। 28 अगस्त से दलीप ट्राफी के मैच खेले जायेंगे। वहीं झारखंड रणजी टीम को एलिट ग्रुप–ए में विदर्भ, तमिलनाडु, बड़ौदा, ओडिशा, छतीसगढ़, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश और नागालैंड के साथ रखा गया है। झारखंड की टीम अपने अभियान की शुरुआत 15 अक्तूबर को तमिलनाडु के खिलाफ करेगी।

*********************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां–</u>

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की 27वीं बैठक की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

प्रभात खबर ने केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के हवाले से लिखा है– विकसित भारत बनाने के लिए साथ मिलकर आगे बढ़ें।

दैनिक भास्कर के शब्द हैं– विधायक जयराम महतो पर मारपीट व लूट का केस दर्ज।

हिन्दुस्तान लिखता है– दुमका में कोल ब्लॉक आवंटन में कंपनी पर एक करोड़ जुर्माना।

दैनिक जागरण ने लिखा है– नर्सिंग होम में ऑपरेशन के दौरान जच्चा– बच्चा की मौत, चिकित्सक दंपती गिरफ्तार।

*********************

<u>और अब कुछ संक्षिप्त खबरें–</u>

- खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मंत्रालय, नई दिल्ली के अधिकारी महेंद्र सिंह और दीपक राणा ने साहेबगंज का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने उपभोक्ताओं से संवाद किया और उनकी शिकायतें सुनीं।
- हजारीबाग जिले के दारू थाना क्षेत्र अंतर्गत झुमरा–मेढ़कुरी मुख्य मार्ग पर सड़क दुर्घटना में तीन ग्रामीणों की मौत हो गयी। जिस गाड़ी से यह हादसा हुआ, उसे पुलिस ने जब्त कर लिया है।
- जामताड़ा पुलिस चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता ने बताया कि इनके पास से कई आपत्तिजनक चीजें बरामद की गयी हैं।
- चक्रधरपुर के झामुमो विधायक सुखरांव उरांव के नगर प्रतिनिधि समरेश सिंह उर्फ गुड्डू को अपराधियों ने गोली मार दी। उन्हें टीएमएच में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

*********************